वर्ष- 21 अंक - 283 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 30 मार्च 2026

## शोभायात्रा में 2 की हत्या 100 घायल

**हजारीबाग.एजेंसी।** झारखंड के हजारीबाग जिले में राम नवमी की शोभायात्रा के दौरान दो लोगों की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई। अज्ञात आरोपियों ने दोनों को धारदार हथियार से मौत के घाट उतार दिया। 100 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। मृतकों की पहचान सिलवार गांव के निवासी प्रिंस कुमार (21) और बड़ा बाजार ग्वालटोली के निवासी अभिषेक कुमार (21) के रूप में हुई है।

## बम की 1100 धमकी देने वाला धराया

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली में पिछले कुछ महीनों में बम की धमकी के करीब 1100 फोन पहुंचे थे। पुलिस ने इस मामले में कर्नाटक से श्रीनिवास लुईस को गिरफ्तार किया है।

## जीते-जी तेरहवीं

**औरैया.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के औरैया में 65 वर्षीय राकेश यादव आज जीते-जी अपनी तेरहवीं कर रहे हैं। उन्होंने इस मौके पर 1900 लोगों को तेरहवीं के खाने पर बुलाया है।

## शेयर बाजार धड़ाम और महंगा हुआ कच्चा तेल

**मुंबई ● एजेंसी**

ईरान जंग के कारण कच्चे तेल के भाव बढ़ते जा रहे हैं। इसका असर आज फिर शेयर बाजार में नजर आया। आज सेंसेक्स ने 1100 अंकों का गोता लगाया। जबकि निफ्टी भी 300 से ज्यादा अंक की गिरावट के साथ दिखाई दिया। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से सेंसेक्स में 7,700 अंक से अधिक यानी करीब 9.5 फीसदी गिरावट आई है। इससे निवेशकों को 41.4 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कच्चे तेल के दाम बढ़कर आज 116.5 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए।

# ईरानी हमले से भारतीय की मौत

## इजराइल में केमिकल प्लांट ध्वस्त, गैस रिसाव का खतरा बना

**सोमवार ● एजेंसी**

जंग के बीच ईरान ने कुवैत में बिजली और पानी के प्लांट पर बड़ा हमला किया जिससे यह प्लांट धुआं-धुआं हो गया। हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। उधर ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल का टुकड़ा इजराइल की केमिकल फैक्ट्री से जा टकराया जिससे फैक्ट्री में आग लग गई। ईरान ने एक अमेरिकी लड़ाकू विमान को भी मार गिराने का दावा किया है।

### ट्रंप ने किया ईरान-अमेरिका में डील का दावा

**वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि ईरान अमेरिका के बीच डील हो रही है और अमेरिका को ईरान 20 तेल टैंकर भेज रहा है। साथ ही उन्होंने खर्ग द्वीप पर कब्जा करने की धमकी भी दी है।**

### ट्रंप के विमान एयर फोर्स वन की सुरक्षा में लगी सेंध

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में उस समय सेंध लग गई जब एक नागरिक विमान ने फ्लोरिडा के पाम बीच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति के आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन के उड़ान प्रतिबंध का उल्लंघन कर दिया। जिसके चलते तुरंत लड़ाकू विमानों को रवाना करना पड़ा।

### खामेनेई ने इराक को कहा थैंक्यू

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई ने अपनी मौत की खबर के बीच एक बयान जारी कर युद्ध में समर्थन के लिए इराक को थैंक्यू कहा है।

### दिल्ली से लश्कर आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली.एजेंसी।** सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली बॉर्डर से लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। वह बांग्लादेश में बैठकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआईएस के इशारे पर लश्कर का नया मॉड्यूल तैयार कर रहा था।

### नितिन नबीन ने दिया इस्तीफा, नीतीश भी देंगे

**पटना.एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद आज बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। राज्यसभा के लिए चुने गए नीतीश कुमार भी आज बिहार विधान परिषद् से इस्तीफा दे सकते हैं।













सकल दिगम्बर जैन समाज
युवा वेलफेयर सोसायटी इन्दौर
और
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप एकता
की ओर से समस्त जैन समाजजन को
महावीर जयंती महापर्व की हार्दिक बधाई
निवेदक- राहुल सेठी मित्र मंडल, इंदौर


समग्र जैन समाज को
महावीर जयंती
की शुभकामनाएँ
श्री कमलनाथ जी
संजय बाकलीवाल
पवन बाकलीवाल
विनय जी बाकलीवाल
सौजन्य : पवन बाकलीवाल सोनकच्छ


राष्ट्र संत आचार्य विहर्ष सागरजी महाराज की जय...
सभी जैन धर्मानुरागी बंधु
भगवान महावीर जयंती
धूमधाम से मनाएं...
इतवारिया से निकलने वाली शोभायात्रा में
अधिक से अधिक समाजजन पधारें
सुनील गोधा परिवार, मल्हारगंज


महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ
वीरेन्द्र-सीमा बड़जात्या, भरत-मनाली बड़जात्या
मा. प्रविष्ट बड़जात्या एवं परिवार
देराणी जेठाणी
साड़ीज
कॉटन एवं फैन्सी साड़ियों के विक्रेता
6, सीतलामाता बाजार, इंदौर (म.प्र.)
मो.: 9406853200
अपनापन
THE STORE OF
WOMENS ETHNIC WEAR
कुर्ती, प्लाजो सेट, पेंट सेट, शरारा सेट, लेगीन्स
25, सीतलामाता बाजार, इंदौर (म.प्र.)
मो.: 8989277006


महावीर जन्म
कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएँ
राकेश जैन विनायका
निवृत्तमान अध्यक्ष
दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन


महावीर जयंती
की हार्दिक बधाईयाँ एवं शुभकामनाएँ
सबका मंगल हो सर्वत्र,
सुख समृद्धि शांति हो
नरेन्द्र-शकुंतला वेद


महावीर जन्म
कल्याणक
महोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
विनयजी बाकलीवाल
अध्यक्ष- श्री दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद
मनोज गंगवाल
उपाध्यक्ष- श्री दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद


भगवान श्री महावीर
के जन्मकल्याणक महोत्सव की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ
सुरेश भिंडा
भिंडा परिवार
मनीष भिंडा


महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएँ


महावीर जन्म
कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएँ
जीतूजी पटवारी
कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष
श्री नेमावर मोटर ट्रांसपोर्ट सर्विस
न्यू श्री पार्श्वनाथ ट्रांसपोर्ट कम्पनी
पारस ब्रिक्स
दीपक पाटनी
मंत्री - दिगम्बर जैन
सामाजिक संसद, इन्दौर
इंदौर से हरदा तक के समस्त गांवों की डेली सर्विस
9425064665, 9425400968, 9425400268, 9425903368


अहिंसा परमो धर्मः
महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएँ
आज शाम 3 बजे कांच मंदिर से निकलने
वाली शोभायात्रा में बड़ी
संख्या में समाजजन पधारें...
मां पद्मावती प्रॉपर्टी ब्रोकर्स
दीपक कुमार जैन
175-बी, व्यंकटेश नगर, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर मो. 99770-52793, 94259-13951


महावीर
जन्मकल्याणक
महोत्सव
की हार्दिक
बधाई
जयदीप जैन


भगवान
श्री महावीर
जन्मकल्याणक महोत्सव
की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ
:: सौजन्य से ::
हर्ष जैन मित्र मंडल


महावीर जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएँ...
श्री पुलकसागरजी महाराज
मो.: 9827023894, 8989973754, 9301778661, 8602927300


समाजजनों को
महावीर
जयंती
की हार्दिक
शुभकामनाएं
डीके जैन
सामाजिक संसद, इन्दौर
अध्यक्ष - भारत वर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी
मध्यांचल- राष्ट्रीय संगठन मंत्री
दिगम्बर जैन महासमिति

# दिग्विजय सिंह के सारथी बने चौकसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

सांसद दिग्विजय सिंह ने पार्षद राजू भदोरिया को रेसीडेंसी कोठी पर जमकर डपटा था उसी बात से शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे नाराज थे कि उनके बाल सखा के साथ राजा ने ठीक नहीं किया। इधर राजनीतिक सूत्रों का कहना था कि चौकसे की करीबी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से हो चुकी थी और दिग्विजय सिंह शीतलामाता बाजार में दुकानदारों द्वारा दूसरे वर्ग के वर्करों को बाहर निकाला तो वे पहुंचे थे। वहां भी चिंटू चौकसे नहीं पहुंचे थे तभी से दिग्विजय सिंह और चौकसे के बीच राजनीतिक बेपटरी होने की बात सामने आई थी। पिछली बार भी दिग्विजय सिंह के आने पर चिंटू चौकसे उनके साथ मौजूद रहे थे। कल दिग्विजय सिंह चार घरों पर पहुंचे थे। दिग्विजय सिंह के साथ पूरे समय चिंटू चौकसे मौजूद रहे। चिंटू चौकसे ने गाड़ी भी चलाई और इसी गाड़ी में दिग्विजय सिंह बैठे रहे। कुल मिलाकर पुराने अनुभव जो कडवे हुए थे वे अब मिठास में बदलते हुए दिखे। सुवेग राठी, नासिर खान, सुरजीतसिंह चड्ढा, अवधेश गर्ग, गोपाल यादव भी राजा के साथ मौजूद थे।



## राठी और गर्ग ने किया राजा का स्वागत

**इंदौर।** सांसद दिग्विजय सिंह के नगर आगमन पर सुवेग राठी, अवधेश गर्ग ने स्वागत किया।

# आज शाम से मौसम में होगा बदलाव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि इंदौर के अलावा संभाग में भी इस सप्ताह बार-बार बदली बनती रहेगी। कई जगह तेज गरज-चमक के साथ बिजली भी चमकेगी और कुछ जगह तेज बूंदाबांदी भी हो सकती है। इंदौर में भी आज मौसम परिवर्तन की संभावना बताई गई, लेकिन कल मंगलवार और बुधवार को फिर मौसम खुलेगा भी और कुछ समय बदली भी होगी, लेकिन गुरुवार से लेकर रविवार चार दिनों तक फिर मौसम में बदलाव होगा। बदली भी बनेगी, बिजली भी चमकेगी और तेज बूंदाबांदी भी हो सकती है। यह सब इंदौर संभाग में होगा और उज्जैन संभाग के कुछ जिलों में भी मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा।



## मुख्यमंत्री ने दिए महावीर अलंकरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन द्वारा आयोजित महावीर अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुँचे और उन्होंने अलंकरण भी दिए। इस दौरान जनप्रतिनिधि, भाजपाई, जैन समाजजन, अधिकारी भी मौजूद रहे।**



## बड़ी माला से स्वागत और त्रिशूल भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दशहरा मैदान पर कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक मालिनी गौड़ ने मखाने की बड़ी माला से स्वागत किया और 51 किलो का त्रिशूल भी भेंट किया। इस दौरान प्रिया डांगी, मीता रामबाबू राठौर, जीतू राठौर, हरप्रीत कौर प्रीतम लुथरा, शानू शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस ने की 3 विधानसभाओं में ब्लॉक पदाधिकारी बनाने के लिए बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कांग्रेस ने कल 3 विधानसभाओं के 8 ब्लॉक में बैठक का आयोजन किया था, जिनमें विधानसभा 5 की 3 एवं विधानसभा 2 के 4 एवं विधानसभा 4 के 1 ब्लॉक की बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में ब्लॉक पदाधिकारी तय किए गए।**



अब इन्हें प्रदेश कांग्रेस के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। हर बैठकों में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मौजूद रहे। 24 ब्लॉकों में बैठक कर पदाधिकारी बनाए जाना है। अभी 16 ब्लॉकों में बैठकें और पदाधिकारी बनना बाकी है। विधानसभा 5 में अमन बजाज और विधानसभा 2 में खुद चिंटू चौकसे ने यह बैठकें कराई। विधानसभा 4 में रविकांत ने बैठक कराई, जिसमें सारे पदाधिकारी भी नहीं पहुंचे। विधानसभा 2 में राजेश चौकसे ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बाकलीवाल के प्रयास से आज मटन दुकानें बंद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने आज महावीर जयंती के लिए मांस दुकानें बंद रखने का आग्रह निगम से किया था। निगम ने दिगम्बर जैन समाज की भावनाओं को मद्देनजर आज मटन दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए हैं। संबंधित अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना होगा।

## सोलंकी ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ग्राम पंचायत नेनौद के सरपंच सुरेंद्र सोलंकी ने अटल भारती हिन्दू फाउंडेशन सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत कर ज्ञापन भी सौंपा। राकेश परमार, संदीप चौहान, छगन प्रजापत, श्री सोलंकी मौजूद थे।



## भंडारे में पहुंचे कांग्रेसी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तेजाजी महाराज मंदिर राम नगर में आयोजक हेमंत जाट, अरुण जाट के बुलावे पर कांग्रेस नेता दीपू यादव, शंकर नेनावा, विजेन्द्रसिंह चौहान, सुरेश व्यास, विशाल जोशी, ज्वाला यादव सहित अन्य पहुंचे।



## लायंस की ओर से पुस्तक भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विमानतल पर यात्रियों की सुविधा के लिए पुस्तकालय स्थापित करने की मुहिम के अन्तर्गत लायंस क्लब के दिनेश कुमार रणधर, रिंकी जयसिंघानी ने भी अलग-अलग पुस्तकें विमानतल लाइब्रेरी के लिए सांसद शंकर लालवानी को भेंट की।

# यशवंत क्लब चुनाव में कई दावेदार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

यशवंत क्लब चुनाव में अध्यक्ष और सचिव पद के लिए कई दावेदार सामने आ रहे हैं और दावेदार मजबूत टीम बनाने में लग गए हैं। अध्यक्ष टोनी सचदेवा, सचिव संजय गोरानी भी चुनाव लड़ने के बजाए टीम तैयार कर रहे हैं। दूसरी तरफ पम्मी छाबड़ा भी टीम तैयार करने में जुटे हैं,



तीसरी टीम भी तैयारी कर रही है। अध्यक्ष के लिए जीतू जैन, सचिव के लिए विजय कस्तूरी को सचदेवा और गोरानी तैयार कर रहे हैं। वहीं छाबड़ा सचिव के लिए संतोष मिश्रा और तीसरी टीम अध्यक्ष के लिए अजय बागड़िया, सचिव के लिए अतुल सेठ को तैयार कर रहे हैं। क्लब चुनाव को लेकर सोशल मीडिया पर भी मैसेज वार शुरू हो चुका है।



## भाराछासं की बैठक में यादव जिला उपाध्यक्ष

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाराछासं की बैठक गांधी भवन में हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष रजतसिंह पटेल ने शहर के युवा नेता लवेश यादव को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया। बैठक में छात्र संघ चुनाव को लेकर योजना बनाई। आगामी दिनों ज्ञापन, धरना, प्रदर्शन के आयोजन होंगे।



## दिग्विजय सिंह ने की संत से भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सांसद दिग्विजय सिंह ने काशी पीठाधीश्वर रामानन्दाचार्य स्वामी राम नरेशाचार्य महाराज से गीता भवन में भेंट की। सुवेग राठी भी मौजूद रहे।

# दशहरा मैदान के कार्यक्रम की सफलता रही महापौर के नाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**जोरदार शक्ति प्रदर्शन कर जनमानस में अपनी पकड़ को दर्शाया**

**नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण भूमि पूजन के लिए दशहरा मैदान पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने समर्थकों की भारी भीड़ जुटा कर जनमानस में अपनी पकड़ को भी दर्शा दिया।**

भाजपा के नेताओं की ओर से यह कोशिश की गई थी कल की मुख्यमंत्री की यात्रा में सबसे पहला कार्यक्रम दशहरा मैदान का होना चाहिए। इस मंशा के पीछे एक बड़ा कारण यह था कि कार्यक्रम के लिए विभिन्न स्थानों से बस में लाए गए लोग कार्यक्रम में विलंब होने और गर्मी के बढ़ जाने पर कार्यक्रम छोड़कर चले जाएंगे। भाजपा नेताओं की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी और मुख्यमंत्री कार्यालय से पहले कार्यक्रम के रूप में दशहरा मैदान को स्थान नहीं मिल सका। ऐसे में न केवल जनता को जुटाना चुनौती हो गया था बल्कि उससे बड़ी चुनौती उन्हें कार्यक्रम के दौरान बनाए रखना हो गया था।

इस कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा बेहतर तरीके से न केवल कार्यक्रम का संयोजन किया गया बल्कि जोरदार शक्ति प्रदर्शन भी किया गया। महापौर ने विधानसभा क्षेत्र चार में अपने समर्थकों की अच्छी भीड़ जुटाकर इस कार्यक्रम के स्थल तक पहुंचाई। यह भीड़ कार्यक्रम शुरू होने के पहले से लेकर कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तक मौजूद रही। कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में पेयजल की इतनी बड़ी योजना को लाने के लिए महापौर का साधुवाद किया। उन्होंने कहा कि उनके विभाग में पानी की पूरे प्रदेश में इससे बड़ी योजना कहीं भी नहीं है। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री भी इस बात को रेखांकित करने से नहीं चुके। उन्होंने भी कहा कि पानी की इतनी बड़ी योजना को क्रियान्वित कर इंदौर को 2045 की आबादी की आवश्यकता के मान से पानी की व्यवस्था करने की यह पहल सराहनीय है। वर्ष 2000 में जब विजयवर्गीय महापौर थे तब 20 साल के लिए पानी की व्यवस्था का काम किया गया था और अब 2025 में जब महापौर के हाथ में कमान है तो फिर 20 साल के लिए पानी की व्यवस्था का काम हो रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारा लक्ष्य 65 लाख की आबादी के लिए पानी की व्यवस्था का है। यदि पानी नहीं होगा तो हमारे शहर की क्या हालत होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे में हम पानी की इतनी व्यवस्था कर रहे हैं कि इंदौर में हर घर के हर नाल में 24 घंटे सातों दिन पानी आ सकें।

## संघवी को नहीं मिली तवज्जो



कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पंकज संघवी इस कार्यक्रम में इधर से उधर टल्ले खाते हुए नजर आए। कार्यक्रम के मंच पर भी दूसरी पंक्ति में खामोशी के साथ खड़े होकर इधर से उधर देख रहे थे। उन्हें कोई पूछपरख नहीं कर रहा था। बाद में जब कार्यक्रम खत्म हो गया तो फिर वह अभिषेक शर्मा के साथ भीड़ का हिस्सा बनकर खड़े रहे अन्य भाजपा के आयोजन में संघवी के लिए बनी रहती है।

## मोघे पर नहीं दिया ध्यान

इस कार्यक्रम में भाजपा के पुराने प्रांतीय संगठन मंत्री और इंदौर के पूर्व महापौर कृष्ण मुरारी मोघे भी पहुंचे थे। वे मुख्यमंत्री को कुछ कागज देना चाहते थे। एक बार जब वे कागज देने के लिए पहुंचे तो मुख्यमंत्री उस समय विधायक मधु वर्मा से बातचीत करने में लगे हुए थे। बाद में जब दूसरी बार उन्होंने कोशिश की तो सुरक्षाकर्मियों ने ही रोक दिया। इस नजारे को कार्यक्रम में मौजूद सारे लोग देख रहे थे।

# इंदौर नगर निगम के सोलर प्लांट से 60 मेगावॉट बिजली का उत्पादन शुरू

## पहला म्युनिसिपल ग्रीन बॉन्ड जारी कर जनता से जुटाए थे 242 करोड़

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**इंदौर नगर निगम और पब्लिक पार्टनरशिप की सफलता बनी मिसाल**

नगर निगम ने देश भर के नगर निगमों के लिए एक अनूठी मिसाल आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कायम की है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अपने शहर की जरूरत को पूरा करने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार की आर्थिक सहायता पर निर्भर नहीं रहें, और जनता को विकास कार्यों में सहभागी बनाकर आर्थिक तंगी दूर कर विकास कार्य पूर्ण किए जाए।

### पूर्ण क्षमता से चालू हुआ सोलर प्लांट

इंदौर नगर निगम ने यह कर दिखाया है, फरवरी 2023 में इंदौर नगर निगम द्वारा ग्रीन बांड जारी किया गया 242 करोड़ रूपए जलूद पम्पिंग स्टेशन पर खर्च होने वाली बिजली की आवश्यकता को सोलर एनर्जी से पूरा करने के लिए 300 करोड़ रूपए की योजना आरंभ की। इसके बाद अब मार्च 2026 में यह योजना पूर्ण हुई और अब यहां 60 मेगावॉट सौर उर्जा का उत्पादन हो रहा जिससे नर्मदा के पानी को पम्प करने लिए लगाए पम्प चलाएं जा रहे। इस प्लांट से नगर निगम प्रतिमाह 4 करोड़ रुपए की बिजली बचाएंगा।

### ग्रीन उर्जा को तेजी से अपना रहा इंदौर नगर निगम

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर नगर निगम भारत का पहला म्युनिसिपल ग्रीन बॉन्ड जारी करने वाला पहला शहर है, इस सोलर एनर्जी को अपनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहें है। नगर निगम में 80 इलेक्ट्रिक कचरा गाड़ी, इंदौर में 22 हजार घरों की छत पर सोलर रूप टॉप बनाई है। जल्द ही सरकारी कार्यालय की छतों पर सोलर प्लांट लगाने का कार्य शुरू होगा।

### ऊर्जा आत्मनिर्भर होगा इंदौर

नगर निगम जलकार्य समिति के प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि ग्राम आसुखेड़ी और सामराज की 210 एकड़ जमीन पर 60 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्रोजेक्ट स्थापित किया गया है। यह कदम इंदौर को ऊर्जा आत्मनिर्भर शहर के रूप में नई पहचान देगा। इंदौर में प्रतिदिन 425 एमएलडी पानी नर्मदा नदी से पम्प किया जाता है और इंदौर भेजा जाता है।

### 3 मार्च से बिजली बनाना हुई थी आरंभ

इंदौर नगर निगम के साथ इंदौर स्मार्ट सिटी के माध्यम से सोलर प्लांट स्थापित किया गया है, जिसकी मॉनटरिंग और नियंत्रण स्मार्ट सिटी के हाथों में है। सीईओ अर्थ जैन ने बताया कि सोलर प्लांट में बिजली उत्पादन की प्रक्रिया 3 मार्च 2026 से आरंभ हुई थी, जिसमें क्रम अनुसार वृद्धि हुई है, 20 मार्च 2026 को प्लांट में कुल 60 मेगावॉट बिजली बनने लगी है।

*जलूद पम्पिंग स्टेशन पर प्रतिमाह 22 करोड़ रुपए की बिजली की खपत होती है, जिसमें से 4 करोड़ की बिजली प्रतिमाह हमें सोलर प्लांट से मिलेगी।*

**-पुष्यमित्र भार्गव, महापौर भार्गव**

*जलूद पम्पिंग स्टेशन के सभी पम्प चलाने के लिए 200 मेगावॉट बिजली की आवश्यकता होती है। वर्तमान में 35 से 40 प्रतिशत बिजली का उत्पादन सोलर से हो रहा है।*

**-अर्थ जैन, सीईओ स्मार्ट सिटी**

## इन्दौर ने इस तरह जारी किया ग्रीन बांड

इंदौर में पब्लिक बांड जारी कर 100 मेगावॉट सौर उर्जा उत्पादन का सपना पूर्व निगम आयुक्त आशीष सिंह ने देखा था, अपने कार्यकाल के दौरान सिंह ने प्रयास किया था, ग्रीन मसाला बांड इंदौर नगर निगम द्वारा जारी किया जाए, इसके लिए इंदौर नगर निगम की लिस्टिंग इंटरनेशनल शेयर बाजार होना अनिवार्य थी, जिसके पहले निगम की रेटिंग भी करवानी थी, जिसके लिए इंटरनेशनल रेटिंग एजेंसी मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस को काम सौंपा गया, जिसने इंदौर नगर निगम को हाई रेटिंग दी, लेकिन आरबीआई द्वारा नगर निगम को विदेशी फंडिंग की अनुमति नहीं दी गई, जिसके बाद मामला ठंडा हो गया और सिंह का ट्रांसफर हो गया, लेकिन सिंह इस प्रोजेक्ट के लिए पूर्व निगम आयुक्त प्रतिभा पाल को प्रयास करने का सुझाव दिया, इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त प्रतिभा पाल ने ग्रीन बांड जारी करने का निर्णय लिया, क्योंकि इंडियन शेयर बाजार में नगर निगम पहले से लिस्टेड था, अमृत योजना के तहत निगम बांड जारी कर चूका था, जिसकी राशि का उपयोग वॉटर सप्लाई प्रोजेक्ट में किया गया।



# संत दीर्घा में नहीं मिला खजराना गणेश मंदिर के पुजारी को स्थान

## महिला द्वारा की गई प्रताड़ना की शिकायत के बाद निगम ने बनाई दूरी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दशहरा मैदान पर नर्मदा पेयजल योजना के चतुर्थ चरण के भूमि पूजन के लिए आयोजित किए गए क्रार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में मुख्य मंच के सामने एक तरफ एक और मंच बनाया गया था इस मंच पर संत गण विराजित थे। इस बार चौंकाने वाली बात यह थी कि हमेशा इस तरह की संत दीर्घा में सबसे आगे बैठने वाले खजराना गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी नजर नहीं आ रहे थे। इस बार सबसे आगे रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी दीपेश गुरु बैठे हुए थे। इसके बाद यह चर्चा चल पड़ी कि पिछले दिनों खजराना गणेश मंदिर के एक पुजारी पर उनकी पत्नी के द्वारा एक करोड़ रुपए के दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की गई थी। यह शिकायत इस समय चर्चा का केंद्र है। इस शिकायत के चलते हुए संत मंडल की दीर्घा से नगर निगम ने खजराना गणेश मंदिर के पुजारी को अलग रखा।

# एक दिन आगे बढ़ गया प्राधिकरण का बजट

## रात को हुई आज की छुट्टी की घोषणा इसलिए टालना पड़ा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। विकास प्राधिकरण का आज सुबह प्रस्तुत होने वाला बजट एक दिन आगे बढ़ गया है। कल रात को इंदौर में आज की छुट्टी की घोषणा कर दी गई इसलिए इस बजट को टालना पड़ा।**

इंदौर विकास प्राधिकरण का बजट आज सुबह 10:00 बजे संचालक मंडल की बैठक में प्रस्तुत होने वाला था। इस बजट की बैठक के लिए तैयारी भी पूरी हो गई थी। कल मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा से प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉक्टर परीक्षित झाड़े की चर्चा भी हो गई थी। इसी बीच कल शाम को महावीर जयंती की छुट्टी को लेकर संशय की स्थिति बन गई। हर जिले में कलेक्टर के द्वारा अलग-अलग घोषणा की जाने लगी। कहीं पर महावीर जयंती का अवकाश आज सोमवार को है तो कहीं पर कल मंगलवार को है। ऐसे में रात को कलेक्टर शिवम वर्मा के द्वारा आदेश जारी करते हुए इंदौर में महावीर जयंती का अवकाश आज सोमवार को ही रखने की घोषणा की गई। जैसे ही यह आदेश जारी हुआ वैसे ही प्राधिकरण की ओर से भी यह सूचना जारी कर दी गई थी आज सुबह 10:00 बजे आयोजित की गई संचालक मंडल की बैठक अब मंगलवार को सुबह 10:00 बजे होगी।

इस तरह से प्राधिकरण का बजट मात्र 1 दिन के लिए आगे बढ़ गया है। अब कल सुबह यह बजट आएगा तभी तस्वीर स्पष्ट होगी कि अगले वित्त वर्ष में प्राधिकरण के द्वारा शहर के विकास को किस तरह से गति देने की पहल की जाएगी। ध्यान रहे कि इस समय प्राधिकरण में कोई नेता संचालक मंडल में शामिल नहीं है। केवल अधिकारियों का संचालक मंडल है।


पावन आशीर्वाद...
दिगम्बर जैन समाज (सामाजिक संसद), इंदौर
भगवान महावीर जन्म जयंती के पावन अवसर पर
भव्य स्वर्ण रथयात्रा
वीर निर्वाण संवत् 2552 - सोमवार, 30 मार्च 2026 - दोपहर 2.00 बजे से
काँच मंदिर से विशाल स्वर्ण रथयात्रा (जुलूस मार्ग) : काँच मंदिर से मालगंज, मल्हारगंज, टोरी कार्नर, गोराकुण्ड
खजूरी बाजार, राजवाड़ा, पी.वाय. रोड, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार होते हुए पुनः काँच मंदिर
समाज गौरव...
अध्यक्ष
श्री विनय बाकलीवाल
अध्यक्ष
श्री आनंद गोधा
मंच व्यवस्था : देवेन्द्र सोगानी, अक्षय कासलीवाल, पिंकेश टोंग्या, जैनेश झांझरी, राजेश वेद (खाकरोद), संजय जैन (काका)
नकुल पाटोदी
हर्ष जैन
प्रथम - ₹31,000/-
द्वितीय - ₹15,000/-
तृतीय - ₹11,000/-
प्रथम - ₹21,000/-
द्वितीय - ₹15,000/-
तृतीय - ₹7100/-
अनुशासन-एकता-भव्यता...
इंदौर स्थित समस्त दिगम्बर जैन जिनालय के अध्यक्ष...
बने महावीर जयंती स्वर्ण रथ जुलूस की पहचान...
सौजन्य से -: निर्भय कासलीवाल मित्र मंडल



## माहेश्वरी महिलाओं ने कराई जांच

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला ट्रस्ट द्वारा अस्पताल के चिकित्सकों के सहयोग से दशहरा मैदान रोड पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें 170 लोगों ने इसका लाभ लिया। कई तरह की जांचे हुई। प्रणय शुक्ला का सहयोग रहा। सीमा गगरानी, मीना ईनानी ने उक्त जानकारी दी।

## माहेश्वरी लीग के समापन पर पुरस्कार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



इंदौर माहेश्वरी स्पोर्ट्स कमिटी द्वारा आयोजित इंदौर माहेश्वरी प्रीमियर लीग के चौथे वर्ष का समापन किया गया। फाइनल में मेवरिक्स ने बालाजी वेंचरो वॉरियर्स को 6 विकेट से शिकस्त दी। पीयुष मालू, अमन माहेश्वरी, श्रीकांत माहेश्वरी, अम्बर माहेश्वरी ने अच्छी भूमिका खेला में निभाई। अतिथि नीलेश राठी ने विजेताओं और श्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राजीव बिन्नानी, संजय लोहिया, रवि माहेश्वरी, निशित बियानी, अभिजीत मंडोवरा, सौरभ बिहानी, हर्ष तोतला, प्रेम डागा, अक्षय चांडक, हिमांशु कालानी, अनुज झंवर, अक्षत करवा, मयंक मालानी जुड़े रहे।



## पालना महोत्सव आयोजित किया

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय जैन महिला जागृति मंच एवं पुलक जन चेतना मंच के संयुक्त तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर शीतल नगर समाज ने विनय बाकलीवाल, हेमचंद्र झांझरी, जैनेश झांझरी, होलास सोनी के आतिथ्य में महावीर पालना महोत्सव आयोजित किया। भगवान को काजल लगाया, भजन का आयोजन भी हुआ, गरबे भी किए। विनय बाकलीवाल का सम्मान भी किया गया। अभिषेक एवं नैन्सी झांझरी, अभिजीत प्राणेता झांझरी, नेहा झांझरी, अनामिका बाकलीवाल ने अपनी भूमिका निभाई। मीना झांझरी, अनिता काला, श्रुति काला, रुबी पहाड़िया, आशा सोनी, अविनाश झांझरी, अमित झांझरी, श्रेयस काला मौजूद थे।

## 600 प्रत्याशियों ने मंच से दिया परिचय



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सनाढ्य ब्राह्मण समाज के शुभकारज गार्डन में परिचय सम्मेलन में 600 प्रत्याशियों ने कल रविवार को मंच से परिचय दिया। सम्मेलन के अलावा मिलन का आयोजन भी हुआ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विष्णु राजोरिया, रामबाबू शर्मा, पंकज दास महाराज, तनिष्का शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, अनिल शर्मा, दीपक बिरथरे, संजय बिरथरे, कैलाश बिरथरे, नरेन्द्र तिवारी, जगदीश तिवारी, श्यामचरण तिवारी, संजय जारोलिया, दीपक शर्मा, सुधा वशिष्ठ, मीता क्षोत्रिय, पूर्णिमा शर्मा, नीति दुबोलिया, ममता उपमन्यु सहित अन्य मौजूद थे।



## हजारों की दवाइयों का एमवाय में वितरण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

ब्राम्हण सेवा संगठन के सर्व समाज सेवा प्रकल्प निरामय सेवा संजीवन द्वारा एमवाय अस्पताल में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए करीब 77 हजार रुपए मूल्य की दवाइयां सहायता सीनियर सिटीजन ग्रुप के माध्यम से भेंट की गई। सत्येन्द्र शर्मा, नीलाभ सुगंधी, अनुपम तिवारी, राजेंद्र-ममता शर्मा, सुनील शर्मा, अनिता पाठक, अर्जुन गोपाल मारवाल, आदित्य राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, सरोज कौशिक, अशोक शर्मा, अनिल शर्मा, हरीश जोशी, ब्रजेश पंचोली, अनिल शर्मा, संगीता शर्मा, ममता शर्मा, संतोष शर्मा, विजयलक्ष्मी कौशिक, आरती मिश्रा का सहयोग रहा।

## बहुमंडल ने किया नृत्य नाटिका मंचन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** संयोगितागंज दिगम्बर जैन समाज छावनी के तत्वावधान बहू मण्डल द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे।




## 5001 निशान के साथ निकली खाटू श्याम पदयात्रा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शांति नगर सांवेर रोड से संस्था साथी के तत्वावधान में खाटूश्याम बाबा की निशान यात्रा पूर्व पार्षद ममता भूपेन्द्र चौहान के संयोजन में निकाली किलोमीटर लम्बी यात्रा में नासिक के ढोल, ताशे, डीजे, बैंड, झांकिया, ध्वज, कीर्तन मंडली शामिल हुए। समापन खाटूश्याम मंदिर बाणेश्वरी कुंड पर हुआ। यात्रा के बाद भजन



गई। बड़ी संख्या में खाटूश्याम बाबा के भक्तों ने ध्वज हाथ में लेकर कीर्तन करते हुए, ढोल बजाते हुए खाटूश्याम धाम बाणगंगा पहुंचे। खाटूश्याम बाबा का दरबार सजाया गया। बाबा को निशान अर्पण किया गया। भजन गायक ने प्रस्तुतियां दी, झांकियां भी शामिल हुई, निशान यात्रा में 5001 झंडे वाले श्रद्धालुओं का स्वागत भी हुआ, नृत्य भी किया गया। 4 संध्या भी हुई, प्रसाद का वितरण भी हुआ। ममता भूपेंद्र चौहान, आदित्य पांडे, प्रतीकसिंह बघेल, विपिन सोलंकी, महेश वर्मा, सागर यादव, कुलदीप मालवी, गोपाल ठाकुर, मासूम जायसवाल, सतीश श्रीवास्तव, मनीष कुमावत, जितेंद्र यादव, अमित शर्मा, गंगाबाई पाल, मयूरी शर्मा, पार्वती सुनहरी, जितेंद्र चौहान, मोहित मालवीय, जीतू ठाकुर शामिल हुए।

## अग्र बंधु करेंगे सकोरों का वितरण

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** 'संस्था अग्रमंच' के बैनरतले 3 अप्रैल को शाम 4 बजे से अग्रसेन चौराहा पर मिट्टी के सकोरो और अनाज के पैकेट का वितरण किया जाएगा। आशीष गोयल ने बताया कि इस गर्मी में दाना-पानी के अभाव में पक्षियों की जान ना जाए इसलिए यह अभियान चलाया जाएगा। दीपिका गोयल ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक मनोज आरती अग्रवाल होंगे।



## 71 द्रव्यों और रसों से हुआ अलीजा का अभिषेक

**इंदौर॥** पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर पांच दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव में आज हनुमानजी का अभिषेक किया गया। मंदिर के गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया कि 71 प्रकार के द्रव्यों और रसों से अलिजा का अभिषेक किया गया।

## एक शाम भगवान महावीर के नाम



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर राजेन्द्र नगर मे एक शाम महावीर के नाम का आयोजन किया। दीपक पाटनी ने बताया कि नाटिका भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर मीना पाटनी, विधि बड़जात्या, वंदना जैन, संध्या जैन, रश्मि जैन, विनिता पाटनी, रजनी पाटनी, आराधना कटॉरिया ने अपनी भूमिका निभाई। अनिल जैन, राजेश तेजावत, राजेश झामड, पंकज मारू, कैलाश पाटनी, सुनिल जैन, विकास जैन, विजय पाटनी, मनोज सेठी, निर्मल जैन, कमलेश चांदीवाल, मौजूद थे




## मथुरा-वृंदावन की यात्रा के लिए सैकड़ों श्रद्धालु रवाना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिव्य शक्ति पीठ परिसर रेडिसन चौराहा से सनातन आस्था फाउंडेशन द्वारा सैकड़ों श्रद्धालुओं को मथुरा-वृंदावन की चार दिवसीय यात्रा के लिए रवाना किया। डॉ. निशांत खरे, दिव्या गुप्ता, संगीता शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# दिगम्बर जैन मंदिरों से निकली सुबह प्रभातफेरी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

दिगम्बर जैन समाज आज अपने भगवान महावीर का जन्म कल्याणक मना रहे हैं। दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद द्वारा आज दोपहर 2 बजे से हुकुमचंद मार्ग कांच मंदिर से शहर के मध्य भ्रमण वाला जुलूस भी निकाला जाएगा उसमें भी बड़ी संख्या में समाजजन रहेंगे। इधर आज 100 से अधिक दिगम्बर जैन जिनालय से प्रभातफेरी का आयोजन हुआ। आज मंदिरों में अभिषेक, पूजन के आयोजन भी हुए। प्रभातफेरी में भगवान महावीर के जयकारे भी लगे, कीर्तन भी हुए और दिगम्बर जैन समाजजनों ने एक-दूसरे को भगवान के जन्म कल्याणक पर बधाई भी दी। जियो और जीने दो का नारा भी लगाया।



## अध्यक्ष विनय बाकलीवाल रहे मौजूद

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज दिगम्बर जैन समाज के मंदिरों से प्रभातफेरी निकली तो उसमें कई मंदिरों की प्रभातफेरी में दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, जैनेश झांझरी, डीके जैन, संजय बाकलीवाल, जयदीप जैन, वीरेन्द्र बड़जात्या सहित अन्य मौजूद रहे।

## कांच मंदिर के बाहर भी दिखा जैन समाजजनों का उत्साह





**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** प्राचीन कांच मंदिर के बाहर से भी आज जैन समाजजनों ने भगवान महावीर के जयकारों के साथ प्रभातफेरी निकाली। नकुल पाटोदी ने बताया कि बड़ी संख्या में मातृशक्तियां भी प्रभातफेरी में मौजूद रही।

## राजमोहल्ला से निकली प्रभातफेरी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जवाहर मार्ग राजमोहल्ला स्थित दिगम्बर जैन जिनालय पर भी आज जैन समाजजनों का उत्साह अपने भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर नजर आया। संजय बाकलीवाल, नीलेश सेठी ने बताया कि बड़ी संख्या में क्षेत्र के जैन समाजजन, जिनमें मातृशक्तियां भी प्रभातफेरी जुलूस में शामिल हुई। भगवान के जयकारे भी लगाए, कीर्तन भी किए और नृत्य भी किया। जियो और जीने दो का संदेश भी दिया।



## अजीतनाथ त्रिमूर्ति मंदिर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री 1008 अजितनाथ त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर मॉडर्न सिटी द्वारा भगवान महावीर के जन्मकल्याणक पर प्रभातफेरी निकाली, अभिषेक पूजन भी किया गया। बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन मौजूद रहे।

## जबरीबाग नसिया मंदिर

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जबरी बाग नसिया में सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। भगवान महावीर के जयकारे भी लगे, जियो और जीने दो का संदेश देकर एक-दूसरे को जन्मदिन की बधाई भी दी।





## सिमंधर स्वामी मंदिर से पालकी यात्रा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्वेताम्बर जैन समाज भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक कल 31 मार्च को मनाएगा। आज सिमंधर स्वामी मंदिर से पालकी यात्रा निकली जो नाकोड़ा मंदिर गुमाश्ता नगर पहुंची। माताजी ने प्रवचन भी दिए। उक्त जानकारी सुधीर सेठिया, अशोक जैन गुड़वाला ने दी।



## छावनी जैन समाजजन रहे मौजूद



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर संयोगितागंज दिगम्बर जैन समाज छावनी ने भी भगवान का अभिषेक, पूजन किया। प्रभातफेरी भी निकाली। आज सभी समाजजन दोपहर में कांच मंदिर से निकलने वाली स्वर्ण रथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। उक्त जानकारी एमके जैन ने दी।

## एम.के. जैन का उज्जैन में सम्मान

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जैन पत्रकार परिषद के तत्वावधान में शंकराचार्य मठ उज्जैन में महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर आयोजित आचार्य विश्वरत्नसागर



सुरीश्वरजी म.सा. ससंघ के सानिध्य में जैन पत्रकारों के कर्तव्य पर संगोष्ठी एवं एवार्ड समारोह में एम के जैन को श्रेष्ठ रिपोर्टिंग एवं प्रसारण के लिये अभिनन्दन पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। शैलेन्द्र श्रीमाल, राकेश सोनी, दीपक दुग्गड़ सहित अन्य ने बधाई दी।

## मल्हारगंज दिगम्बर जैन समाज



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर मल्हारगंज दिगम्बर जैन समाज ने प्रभातफेरी निकाली। इस प्रभातफेरी में मोदीजी की नसिया, रामाशाह मंदिर, चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर से जुड़े दिगम्बर जैन समाजजन मौजूद रहे। महिलाएं, बुजुर्ग, पुरुष, युवा, बच्चे सभी ने कीर्तन पर नृत्य भी किया। जियो और जीने का संदेश भी दिया। जयदीप जैन, सुनील गोधा, मनोज काला, योगेन्द्र काला, नीरज मोदी, पारस पाण्डे, कमल काला, पुष्पेन्द्र जैन, अतुल कासलीवाल, नितिन बड़जात्या मौजूद थे। रामाशाह मंदिर में कलश भी हुए, माताजी के प्रवचन भी हुए। आयोजन से बीसपंथी मन्दिर महिला मंडल, चंद्र प्रभु मन्दिर महिला मंडल, बहु मंडल, स्वाध्याय मंडल, श्री पंच लश्करी गोट ट्रस्ट भी जुड़े रहे।

# भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर खुशी का इजहार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

जियो और जीने दो के नारों के साथ आज भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव समग्र जैन समाज मना रहा है। आज सुबह सभी जैन जिनालयों में अभिषेक पूजन के साथ अलग-अलग आयोजन भी हुए। कई मंदिर क्षेत्रों से प्रभातफेरी यात्राएं भी निकली। श्वेताम्बर जैन समाज राजवाड़ा से कल बड़ा जुलूस निकालेगा। दिगम्बर जैन समाज का जुलूस आज कांच मंदिर से निकाला जाएगा, जिसकी भी तैयारी पूरी कर ली गई है। विनय बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, नरेन्द्र वेद, स्वप्निल कोठारी, मनोज सेठी, देवेन्द्र सोगानी, संजय बाकलीवाल, जैनेश झांझरी, जयदीप जैन, प्रकाश जैन भटेवरा, प्रिंसपाल टोंग्या, अक्षय बम, अक्षय जैन, सुरेश मिंडा, मनीष मिंडा, वीरेन्द्र बड़जात्या, दीपक जैन टीनू, मनीष गोधा, नवीन गोधा, राहुल सेठी, मनीष सुराणा, नीतेश जैन, मनोज काला, राजेश जैन युवा, अनुरोध जैन, शेखर गेलडा, शैलेन्द्र पोरवाल, सचिन जैन नवकार प्रापर्टी, मनोज गंगवाल, हेमचंद्र झांझरी, सुधीर सेठिया, कमल रावका, राकेश जैन विनायका, दीपक पाटनी, महेन्द्र जैन निगोत्या, तपन बड़जात्या, पवन जैन, पंकज जैन, मनमोहन झांझरी, आनंद जैन कासलीवाल, इंद्रकुमार सेठी, एम के जैन, डीके जैन, सुनील गोधा, अतुल पाटोदी, अशोक बड़जात्या, संजय पाटोदी, विमल झांझरी, नरेन्द्र जैन भटेवरा, दीपक जैन, नरेन्द्र मेहता, सुरेन्द्र मेहता, विपिन छाजेड, नितिन छाजेड़, गगन जैन, आशीष शाह, योगेश मेहता, राकेश मेहता, नरेन्द्र डांगी, रवि डांगी, मनीष शाह, प्रदीप जैन, नीलेश सेठी, हीरेन शाह, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, गिरीश जैन, आभास पाटनी, धर्मेन्द्र-राजेन्द्र जैन बर्तन, आशा-होलासराय सोनी, संदीप गंगवाल, मनोज जैन, मनीष जैन, सचिन जैन डब्ल्यू, राजकुमार पंड्या ने भगवान के जन्मोत्सव पर सुबह पूजन कर समाजजनों को बधाई दी है और लाडू-पेड़े का सेवन भी किया।

# फिटनेस का उत्सव



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर सुपरचार्जर्स हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित 'सेरेनिटी 10के कलर रन का आयोजन नेहरू स्टेडियम में किया गया। युवाओं, महिलाओं, बच्चों सहित धावकों ने 10 किलोमीटर, 5 एवं 3 किलोमीटर की दौड आयोजित की गई। श्रेयांस गुप्ता, कविता शर्मा, छवि गुप्ता, तन्मय चौहान, विजय दावत, अर्चिता चौहान, मुस्कान राजपूत विजेता रहे जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। नितिनसिंह भाटी, डॉ. सुभाष मसीह आयोजन से जुडे रहे।

## चिकित्सकों ने दी प्रस्तुति



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। लाभ मंडपम में नादब्रह्म ने सुरमयी महफिल का आयोजन किया। चिकित्सकों ने एक के बाद एक कई प्रस्तुतियां दी उसके बाद गायकों ने भी प्रस्तुतियां दी। चिकित्सा जगत से डॉ. अमिताभ गोयल, डॉ. संजय भटनागर, डॉ. मिताली श्रीमाल और डॉ. सुरेखा सोनी एवं गायक में आशा निसरगंध, आशुतोष कडेल, मयंक खण्डेलवाल और नरेश शुक्ला ने प्रस्तुतियां दी। ममता मेहता, दीपेश जैन ने भी अपना काम किया।

## दशमी पर भी दी गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गायत्री शक्तिपीठ कनाडिया में नवरात्रि में और कल दशमी पर भी गायत्री मंत्र के साथ विश्व शांति के लिए यज्ञ में आहुतियां दी गई। नवकुण्डीय यज्ञ का समापन किया गया। शंकरलाल शर्मा ने उक्त जानकारी दी।

## 'इंडियन कल्चर फ़ैशन शो



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एमपी मॉडल्स प्रेजेंट 'इंडियन कल्चर फैशन शो सीज़न 2 का ऑडिशन संपन्न हुआ। बडी संख्या में इन्दौर के अलावा आसपास के क्षेत्र से प्रतिभागियों ने शिरकत की। ऑडिशन में किड्स से लेकर युवाओं और सीनियर एज ग्रुप तक, सभी वर्गों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। रैंप पर सभी ने अपने कॉन्फिडेंस, स्टाइल और टैलेंट का प्रदर्शन किया।**

## विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर स्वास्थ्य शिविर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। डीएसएफआई और सीएसआईटी, मेडिकल कॉलज के संयुक्त तत्वावधान में सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। आंख, नाक, कान, गला, दांत के लिए



भी विशेषज्ञ टीम मौजूद रही। विकलांगता प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया को भी आसान किया गया। डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. संजय सिलावट के मार्गदर्शन में डॉ. रक्षा शेंडे, डॉ. शुभी वर्मा, डॉ. अनघा भागवत, डॉ. अंकिता माहेश्वरी, डॉ. श्रीलेखा जोशी, डॉ. जफर पठान, डॉ. ऐमन हैदर जैसे विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी।



## खजूर रविवार में कैथोलिक समाज

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कल कैथोलिक गिरजाघरों में खजूर रविवार मनाया गया और इसके साथ ही पवित्र सप्ताह शुरू हो गया। पवित्र सप्ताह में पवित्र गुरुवार तथा पुण्य शुक्रवार (गुड फ्राइडे) की आराधनाएँ होंगी। चालीस दिन तक उपवास रखने के बाद प्रभु यीशु ने येरूसालेम नगर में प्रवेश किया। जिस समय उन्होंने येरूसालेम में प्रवेश किया उस समय वहाँ की प्रथा के अनुसार लोगों ने हाथों में खजूर की डालियाँ लेकर उनका स्वागत किया। इसी यादगार में कैथोलिक धर्मसमाज आज भी खजूर रविवार का त्यौहार मनाता है। रविवार सुबह इंदौर के सभी कैथोलिक गिरजाघरों में भक्तजन एकत्र हुए जहाँ फादर द्वारा पवित्र जल छिड़ककर खजूर की डालियों की आशीष की गई।

## तिलक-चंदन लगाकर तीर्थ य़ात्रियों का पहले सम्मान फिर हरी झंडी



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। 'श्री मनकामनेश्वर महादेव ट्रस्ट द्वारा महूगांव से गुजरात के प्रमुख तीर्थों के लिए सैकड़ों श्रद्धालु रवाना हुए। उसके पूर्व ट्रस्ट पदाधिकारियों और सदस्यों ने यात्रा पर होने वाले यात्रियों को तिलक-चंदन भी लगाए और हरी झंडी के बाद इन यात्रियों को कष्टभंजन हनुमान, सोमनाथ, द्वारका सहित गुजरात के प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए रवाना किया गया। लोकेश शर्मा, विकास विजय शर्मा, साधना शर्मा मौजूद थे।

## संगीत संध्या 'मिले सुर मेरा तुम्हारा'





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रेस क्लब एवं केसरी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जाल सभागृह में गीत-संगीत संध्या मिले सुर मेरा तुम्हार का आयोजन किया गया। पुराने गीतों की प्रस्तुतियां दी गई। डॉ. नवीन आनंद जोशी, प्रकाश हिन्दुस्तानी, नवनीत शुक्ला, रोमा मल्होत्रा, प्रवीण शर्मा, योगेन्द्र जोशी, प्रेमानन्द महाराज, मनीष सिसोदिया, दीपक शर्मा, डॉ. कमल हेतावल, के.सी. दुबे, वृंदा गौड सुधा सुखयानी, विनिता मौर्या, विमला मनरागे, निशा यादव, रेणु जयसिघांनी, रवि गुप्ता, डॉली खुराना, सुषमा पटेल, डॉ. दीप्तिसिंह हाड़ा, विजेंद्रसिंह ठाकुर, पम्मी शाह, धर्मेश जागीरदार, सोनाली सोनी, नम्रता सिंह, गुंजन चौरसिया, प्रदीप एम शर्मा, रोहन मल्होत्रा, संजीव मल्होत्रा, मनोज नजांन, लतिका नजांन, मजुंशा नाचण, बाबा नाचण, शालिनी सहित अनेक मौजूद थे।

## जल और पर्यावरण संरक्षण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री निखिलेश्वर सेवा समिति द्वारा 9 दिनों तक जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। जिला में 3 वार्ड ओर सेक्टर बुराना खेड़ी के 5 ग्रामों बरना खेड़ी, चौहान खेड़ी, गारिया सेमलिया चाऊ में आयोजित हुए। 5 प्याऊ लगवाए गए, पौधारोपण भी किया। मुकेश चौधरी, कमल पटर, लक्की सिंह, अभीषेक सिंह, योगेश उमर, सुमन रमेश महानंद मौजूद थे।



## बांगड़दा तालाब पर स्वच्छ सागर प्रोजेक्ट

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आईआईएमयूएन के तत्वावधान में छोटा बांगड़दा तालाब पर एनवायरनमेंटलिस्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से



स्वच्छ सागर प्रोजेक्ट का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। संस्था के स्वयं सेवक और छात्रों ने तालाब क्षेत्र की सफाई कर प्लास्टिक, कचरा एकत्रित किया।

## श्रद्धालु माँ कामाख्या धाम के लिए रवाना



देपालपुर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में देपालपुर से तीर्थ यात्री 6 दिवसीय यात्रा पर माँ कामाख्या के दर्शन के लिए रवाना हुए। जगदीश सिसोदिया ने उक्त जानकारी दी।

## ईद मिलन में समाजसेवियों का सम्मान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आवाज ग्रुप ने ईद मिलन का आयोजन किया। 'नारी एक जिम्मेदारियां अनेक' विषय पर आयोजित इस आयोजन में समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। पंखुरी किरण प्रकाश, राजी कादरी, सोनाली सोनी, जीतू बगानी का सम्मान किया गया।

## कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संस्था मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, की जिला कार्यकारिणी के चुनाव आयोजित किए गए। मुकेश सेन, जितेन्द्र सिंह, हेमंत श्रीवास्तव, दीपक पुरोहित, मनोहर गिरी की मौजूदगी में जिला अध्यक्ष विजयशंकर मिश्रा, सचिव हिमांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष काजल परमार, उपाध्यक्ष सुनील निहोरे, हरिसिंह पाल को जिम्मेदारी दी गई। शिव वीर, देवेन्द्र रघुवंशी ने बधाई दी।

## संपादकीय

# युद्ध की आंच लोगों की जेब तक : तेल-गैस संकट में कितनी और, कब तक राहत

ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती खड़ी है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर जैसे-जैसे अपने पांव पसारता जा रहा है, वैसे-वैसे यह साफ हो रहा है कि इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं की कीमतें चढ़नी शुरू हो गई हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खरीदारी करते हुए यह सोचने की जरूरत आ खड़ी हुई है कि युद्ध कब खत्म होगा और सामान्य स्थिति कब बहाल होगी। खासतौर पर पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिस तरह के हालात पैदा हुए हैं, उसमें स्थिति को सामान्य बनाए रखना सरकार की सबसे अहम प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दिशा में एक कदम उठाते हुए सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में दस-दस रुपए की कटौती की। यों इससे केवल तेल कंपनियों को राहत मिलेगी, लेकिन यह उम्मीद भी की जा सकती है कि फिलहाल आम लोगों के लिए उपलब्ध होने वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रह सकती हैं। हालांकि ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती खड़ी है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद जरूर मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। देश भर से ऐसी खबरें आई हैं कि पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। संकट ज्यादा गहराने की आशंका में पेट्रोल-डीजल की अतिरिक्त खरीदारी करने को लेकर भी एक तरह की होड़ देखी गई है। दूसरी ओर, रसोई गैस के सिलेंडरों की आपूर्ति जिस पैमाने पर बाधित हुई है, उसकी वजह से चौतरफा चिंता उभरी है।

# कार से शराब तस्करी करते एक धराया पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ी अवैध शराब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का परिवहन कर रहे एक कार चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में देशी शराब और बियर बरामद की गई है, जिसे वह खपाने की फिराक में था। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार और शराब को जब्त कर लिया है।



एसीपी पराग सैनी ने बताया कि लसूड़िया पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति अपनी कार में अवैध शराब भरकर किसी को सप्लाई देने के लिए कैलोद हाला क्षेत्र की ओर निकला है। सूचना की गंभीरता को




देखते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल एक विशेष टीम गठित कर कैलोद हाला की ओर रवाना की। मौके पर पहुँचते ही पुलिस को मुखबिर के बताए अनुसार हुलिए और नंबर की कार दिखाई दी, जिसे घेराबंदी कर रोक लिया गया।पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो गाड़ी के अंदर शराब का जखीरा देखकर टीम भी हैरान रह गई। कार के अंदर से 08 पेटी सफेद देशी शराब के बॉक्स, 03 पेटी बियर केन के बॉक्स

कुल 108 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। जब चालक से शराब के परिवहन से संबंधित लाइसेंस या परमिट माँगा गया, तो वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम शुभम पिता मेहरबान सिंह चौधरी, निवासी खाकरोड, सांवेर होना बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। लसूड़िया पुलिस अब आरोपी शुभम से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह शराब कहाँ से लाया था और इंदौर में किसे सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस को आशंका है कि इस अवैध कारोबार के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। आरोपी के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स और अन्य संपर्कों की भी जांच की जा रही है।

# बाल सुधार गृह की किशोरी की संदिग्ध मौत

**इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र के बाल सुधार गृह की एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि किशोरी पिछले काफी समय से अस्वस्थ थी। हीरानगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।**

# एमडी ड्रग्स के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

**बाणगंगा पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एमडी ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों से एक कार और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।**

पुलिस के मुताबिक कार्रवाई रविवार शाम करीब 7:20 बजे जोमेटो कट प्वाइंट, भौरासला क्षेत्र में की गई। इस दौरान अनीस उर्फ जो उम्र 40 साल निवासी चंदन नगर, जुबेर खान उम्र 30 साल निवासी चंद्रभागा सावेर और रेहान उम्र 19 साल निवासी केशव नगर को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से करीब 10 ग्राम एमडी

बरामद हुई। मामले में आरोपियों के पास से एक फोर्ड कार नम्बर एमपी 09 सीएक्स 0302 और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी और बेटी ने पिता को पीटा

## आधार कार्ड मांगने पहुंचे पति पर डंडे से हमला

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित जीत नगर में एक व्यक्ति जब अपनी पत्नी के घर जरूरी दस्तावेज लेने पहुँचा, तो पत्नी, बेटी और एक अन्य रिश्तेदार ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी मदन (50 वर्ष), निवासी जीत नगर खंडवा नाका अपनी पत्नी रंगबाई से अलग रहते हैं। शनिवार रात करीब 8 बजे मदन अपने भांजों के साथ पत्नी के घर अपना आधार कार्ड और वोटर आईडी लेने पहुँचे थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया।विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी रंगबाई, बेटी ज्योति और रिश्तेदार आर्यन ने मदन के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर तीनों ने मदन को थप्पड़ों से पीटा, वहीं बेटी ज्योति ने डंडे से हमला कर दिया। भंवरकुआं पुलिस ने मदन की रिपोर्ट पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

# खेलते समय 15 वर्षीय किशोरी की मौत

## झूला झूलते समय हुआ हादसा फंदा बनी रस्सी ने ली जान

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक मासूम खेल-खेल में काल के गाल में समा गई। सहयोग नगर में झूला झूलते समय संतुलन बिगड़ने से एक 15 वर्षीय बालिका के गले में रस्सी का फंदा कसा गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान मनीषा पिता रामजी (15) के रूप में हुई है। वह अपने घर में झूला झूल रही थी, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से झूले की रस्सी उसके गले में लिपट गई। परिजनों को जब तक भनक लगी और वे उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चंदन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**इंदौर।** बड़गोंदा पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार रविवार को नखेरी रोड तिराहे पर कार्रवाई के दौरान पवन डावर उम्र 41 साल और संतोष डावर उम्र 32, दोनों निवासी ग्राम घोड़ा खुर्द, को संदिग्ध हालत में पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से 2 किलो 650 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 26 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों के कब्जे से एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल एमपी 09 एक्सएच 9003 कीमत करीब 2.50 लाख रुपए तथा ओप्पो और वीवो कंपनी के दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# बेंगलुरु भेजा माल लेकर ट्रक चालक फरार

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट के जरिए भेजा गया कीमती माल गंतव्य तक न पहुँचने का मामला सामने आया है। ट्रक चालक निर्धारित समय बीतने के बाद भी माल लेकर गायब है, जिसके बाद पुलिस ने चालक के खिलाफ अमानत में खयानत (गबन) का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

फरियादी यतिन गंभीर निवासी वेस्ट शिवाजी नगर आगरा ने पुलिस को बताया कि

## आगरा के व्यापारी के साथ लाखों का गबन

उनकी कंपनी का माल ट्रक नंबर आरजे-09 जीई-6547 के जरिए बेंगलुरु स्थित 'बिग बास्केट पपार्स ट्रेडिंग कंपनी' भेजा गया था। नियमानुसार यह माल 22 मार्च 2026 तक बेंगलुरु पहुँच जाना चाहिए था।

**चालक का मोबाइल बंद, ट्रक का पता नहीं-** जब निर्धारित तिथि तक माल नहीं पहुँचा, तो व्यापारी ने ट्रक चालक देवेन्द्र कुमार निवासी जिला अशोकनगर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। चालक ने न तो माल पहुँचाया और न ही कंपनी को कोई जानकारी दी। माल के गबन की आशंका होने पर भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब ट्रक की लोकेशन और चालक की तलाश में जुटी है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 146700 | 144733 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 229700 | 229588 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# धार महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष के लिए गायत्री पुरोहित प्रबल दावेदार

## महिला मोर्चा पेनल में गायत्री का नाम शामिल, रीमा और अन्य के नाम पर भी मंथन जारी

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** भारतीय जनता महिला मोर्चा के धार जिलाध्यक्ष पद के लिए भाजपा नेत्रीओं ने लाबिंग तेज कर दी है। धार नगर जिला भाजपा महिला जिलाध्यक्ष के लिए कई महिला दावेदारों के नाम चल रहे है, जिसमे प्रमुख रूप से युवा महिला नेता और जिला पंचायत सदस्य गायत्री पुरोहित प्रबल दावेदार मानी जा रही है, हालांकि महिला नेता रीमा राठौड़ के नाम पर मंथन चल रहा है, जो पिछले कई सालों से महिला मोर्चा में सक्रिय रहकर कार्य कर रही है। वर्तमान में गायत्री पुरोहित जिला पंचायत सदस्य के रूप में सक्रिय हैं,पार्टी के भीतर उनकी सक्रियता और युवा चेहरा के कारण उनका नाम इस पद के लिए सबसे आगे चल रहा है। जिले में महिला मोर्चा के नेतृत्व को लेकर चल रही चर्चाओं में उन्हें एक मजबूत विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। वे अपनी कम उम्र में राजनीतिक सफलता के लिए जानी जाती हैं,साथ ही गायत्री पुरोहित को भारत की सबसे कम उम्र की निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य होने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने धार जिले के आदिवासी बाहुल्य सरदारपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली जिला पंचायत से चुनाव जीता था। वे भाजपा की सक्रिय नेत्री हैं और विभिन्न मंचों पर महिलाओं और युवाओं के मुद्दों को उठाती रही हैं। भाजपा वर्तमान में युवा चेहरों को संगठन में आगे बढ़ाने पर जोर दे रही है। गायत्री पुरोहित की सबसे युवा जिला पंचायत सदस्य वाली छवि इस रणनीति में पूरी तरह फिट बैठती है। पिछले चुनावों में धार जिले में महिलाओं के बीच उनकी सक्रियता और लाड़ली बहना योजना जैसे कार्यक्रमों को जमीन पर उतारने में उनकी भूमिका उन्हें नेतृत्व के करीब लाती है। जिला पंचायत सदस्य होने के नाते उनके पास पहले से ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का नेटवर्क है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष के रूप में वे इस नेटवर्क का उपयोग पार्टी की मजबूती के लिए कर सकती हैं। भाजपा प्रदेश नेतृत्व और जिला चयन समिति वर्तमान में विभिन्न नामों पर विचार कर रही है, गायत्री पुरोहित का नाम पैनल में प्रमुखता से शामिल बताया जा रहा है।



पार्टी यह भी देख रही है कि महिला मोर्चा की कमान किसी ऐसे महिला नेता के हाथ में हो जो आगामी स्थानीय और सांगठनिक चुनावों में महिलाओं को एकजुट कर सके। जिला पंचायत सदस्य के रूप में जमीनी पकड़ बनाने के बाद, अब पार्टी उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारी देने पर विचार कर रही है, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का पद उनके लिए एक 'लॉन्चपैड' साबित हो सकता है, जहाँ से वे पूरे जिले की महिला राजनीति का नेतृत्व कर सकेंगी। मध्य प्रदेश भाजपा आगामी विधानसभा चुनावों (2028) और स्थानीय निकायों के लिए पीढ़ी परिवर्तन पर काम कर रही है, गायत्री जैसे युवा चेहरों को आगे लाकर इसी रणनीति पर काम किया जा सकता है, ताकि युवाओं और महिला वोटर्स को लंबी अवधि के लिए पार्टी से जोड़ा जा सके। गायत्री पुरोहित सोशल मीडिया और सार्वजनिक कार्यक्रमों में काफी सक्रिय रहती हैं।

वे धार जिले के ग्रामीण अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रही हैं, उनकी यह 'मॉडर्न और एक्टिव' छवि उन्हें अन्य पारंपरिक दावेदारों से अलग और मजबूत बनाती है, वैसे पार्टी के भीतर कई वरिष्ठ महिला नेत्रियाँ भी इस पद की कतार में लगी हुई है, लेकिन निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि संगठन 'अनुभव' को प्राथमिकता देता है या 'युवा नेतृत्व' को धार जिले के राजनीतिक समीकरणों में संतुलन बनाए रखना भी चयन का एक बड़ा आधार होगा। गायत्री पुरोहित की दावेदारी केवल एक पद के लिए नहीं, बल्कि धार की राजनीति में एक नए उभरते सितारे के रूप में देखी जा रही है, उनके पास अपनी शैक्षणिक योग्यता और युवा ऊर्जा का लाभ है।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये की गिरावट और करेंसी में हो रहे सट्टेबाजी को रोकने के लिए उठाये कदम

**इंदौर. सिटी ब्लास्ट।** जो बैंक विदेशी मुद्रा में व्यापार करते है वो बैंक अब सिर्फ 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा पीजिशन नहीं रख पाएंगे, जिससे रुपए की गिरावट को रोका जाएगा

जिसके लिए रिजर्व बैंक ने 10 अप्रेल तक का समय सभी बैंकों को दिया है और इसका सकती से पालन भी करना होगा जिससे रुपया मजबूत होगा और सोने के दाम घटेंगे जैसे कि जो निर्णय रिजर्व बैंक ने लिए उससे कल रुपया मजबूत होगा तो विदेशो से आयात करने वाले सोने पर ज्वेलर्स को कम कीमत देने में आएगी पर रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों ने 10 अप्रेल से ज्यादा समय बढ़ाने को कहा है क्योकि सभी बैंकों के 30 मिलियन डॉलर के सौदे खुले हुए है इतनी जल्दी में बैंकों को सौदे काटने में बहुत नुकसान होगा बेंको ने रिजर्व बैंक से कहा है कि जो नए नियम है वो पुराने सौदे पर लागू ना होते हुए नए पर लागू हो तो बेंको का घाटा नही होगा पर रिजर्व बैंक और सरकार युद्ध को देखते हुए ये कदम सख्ती से उठा रही है जिससे देश मे महंगाई की मार कम हो।

**– निर्मल वर्मा घुंघरू**
**उपाध्यक्ष**
**सराफा एसोसिएशन**

## ईरान में फंसे 8 भारतीय नाविक लौटे

**नई दिल्ली.एजेंसी।** ईरान में हिरासत में लिए गए भारतीय नाविकों में से बचे हुए आठ सदस्य अब अपने वतन लौट आए हैं। ये नाविक यूएई बेस्ड टैंकर एमटी वैलिएंट रोअर पर सवार थे, जिसे 8 दिसंबर 2025 को ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने जब्त कर लिया था। ईरान ने जहाज पर 6000 टन ईंधन की तस्करी का आरोप लगाया था।




## खुले में जल रहा कचरा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्नेह रेसीडेंसी मंगल नगर के रहवासियों ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की है कि नारायणी हॉस्पिटल के सामने लगातार कचरा जलाया जा रहा हैं, इससे प्रदूषण भी खराब हो रहा है, धुएं से बुजुर्ग और बच्चे परेशान हो रहे है।कुछ लोगों ने आरोप भी लगाया कि खाली प्लाट पर लोग कचरा डाल रहे है और निगम कर्मी कचरा उठाने के बजाय कचरा जला रहे है। रहवासियों का कहना रहा कि इस मामले में सांसद, विधायक और पार्षद को भी समस्या का मैसेज वाटसअप पर करेंगे।

## महिला पर धारदार वस्तु से हमला

**इन्दौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम चोरल में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट और हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक फरियादिया नौशाद बी निवासी ग्राम चोरल ने शिकायत दर्ज कराई कि रविवार की शाम करीब 5 बजे मायके में रहने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान आरोपी केहकशा और फरीदा बी, दोनों निवासी ग्राम आठमील, थाना खुडैल, ने उसे गालियां दीं। विवाद बढ़ने पर दोनों ने फरियादिया पर चाकू जैसी नुकीली वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उसके दाहिने हाथ की कलाई में चोट आई। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चाकू लेकर घूमते दो धराए

**इन्दौर।** पंढरीनाथ थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों से धारदार चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पहली कार्रवाई रविवार शाम करीब 7:15 बजे सीपी शेखर नगर गार्डन पानी की टंकी के पास की गई, जहां सादब मेवाती उम्र 28 साल निवासी कबूतरखाना क्षेत्र की तलाशी लेने पर उसके लोअर की जेब से एक धारदार चाकू मिला। इसी तरह दूसरी कार्रवाई रात करीब 8:45 बजे मच्छी बाजार चौराहा, नाले के पास की गई। यहां सचिन उर्फ पवन उर्फ काली यादव उम्र 23 साल निवासी महूनाका, छत्रीपुरा की तलाशी लेने पर उसके पेंट की कमर के पीछे छिपाकर रखा धारदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज कर पुछताछ शुरू कर दी है।

## 550 छक्कों के साथ रोहित ने रच दिया इतिहास



**मुंबई।** रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 की शुरुआत बेहद शानदार अंदाज में की। रविवार को मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए उन्होंने पहले ही मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तूफानी पारी खेलकर कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। रोहित शर्मा ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया, जो उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक भी है। खास बात यह रही कि उन्होंने यह फिफ्टी पावरप्ले के अंदर ही पूरी कर लीजो उनके आईपीएल करियर में पहली बार हुआ।

### एशिया में नंबर-1 बल्लेबाज बने

इस मैच में तीन छक्के लगाते ही रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट में अपने 550 छक्के पूरे कर लिए। इसके साथ वह टी20 में 500+ छक्के लगाने वाले एशिया के पहले खिलाड़ी बन गए और दुनिया में यह कारनामा करने वाले 9वें बल्लेबाज बने। इस पारी के दौरान रोहित शर्मा ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने कुल रन 1100 के पार पहुंचा दिए। वह केकेआर के खिलाफ इतने रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम था।

रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर में 50वीं बार 50+ स्कोर बनाया। इसके साथ वह ऐसा करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। विराट कोहली के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने। रोहित शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी ने शुरुआती ओवरों में ही मैच का रुख बदल दिया। पावरप्ले के अंदर ही अर्धशतक पूरा कर उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों पर जबरदस्त दबाव बना दिया और मुंबई इंडियंस को मजबूत शुरुआत दिलाई। आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में रोहित शर्मा ने जिस अंदाज में प्रदर्शन किया, उसने साफ संकेत दे दिया है कि इस सीजन में वह बल्ले से बड़ा धमाका करने के लिए तैयार हैं।

# मेहनत, अनुशासन, संयम और विवेक का नाम है बॉडी बिल्डिंग



## देशभर से आए बॉडी बिल्डरों ने अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

खेलों की राजधानी इंदौर में इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मुख्यालय उज्जैन द्वारा 17वीं सीनियर मेंस वूमेंस नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में देशभर से आए बॉडी बिल्डरों ने अपनी कला का बखूबी प्रदर्शन किया। उनके तराशे हुए बदन को देख मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मंत्रमुग्ध हो गए। पुरस्कार वितरण समारोह पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि मेहनत, मशक्कत, अनुशासन, संयम और विवेक खेल का नाम बॉडी बिल्डिंग है, जिसमें शरीर साधक अपनी मांसपेशियों को वर्षों मेहनत करके तराशते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर स्वेच्छा अनुदान मद से स्पर्धा हेतु 5 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।

इस मौके पर चैंपियनशिप को कंडक्ट कर रहे डॉ. निशांत खरे ने बताया कि स्पर्धा में 27 प्रदेशों से करीब 423 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है करीब 70 से 80 प्रतिभागी ऐसे भी है इंटरनेशनल लेवल पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है युवाओं को बुराइयों से दूर ले जा कर सकारात्मक से जोड़ने के लिए खेल एक सशक्त माध्यम है । टूर्नामेंट में करीब साठ लाख रूपए की इनामी राशी भी इस आयोजन पर खर्च की जा रही है । इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक मधु वर्मा, मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे । पूर्व वर्ल्ड चैंपियन अर्जुन अवार्ड प्रेमचंद ढींगरा, स्वामी रमेश अध्यक्ष इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई, चेतन पठारे, इंटरनेशनल महासचिव टीवी पोली, भास्कर अर्जुन अवार्ड का विशेष अभिनंदन किया। अतिथि का स्वागत अतिन तिवारी, प्रेम सिंह यादव, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, गजेंद्र मेहता ने किया। संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया, आभार रोहित जेठवा ने माना।

## बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में मुख्यमंत्री ने की 5 लाख की घोषणा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का दो दिवसीय आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां आयोजन में पहुंचकर आयोजन के लिए 5 लाख रु. देने की घोषणा की और चैम्पियनशिप के विजेताओं को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों की प्रतिभाओं की सराहना की। कहा कि बॉडी बिल्डिंग शरीर की साधना का अद्भुत खेल है। इस खेल में संगमरमर की मूर्तियों पर नसें उकेरने जैसा कठिन कार्य है। प्रेमचंद डिंगरा का सम्मान हुआ। जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे।

# तारीफ करते नहीं थक रहे कप्तान पंड्या गेंदबाजों को दिया जीत का श्रेय

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स पर मिली जीत के बाद कहा कि सत्र का पहला मैच जीतने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। मुंबई इंडियंस हमेशा आईपीएल में धीमी शुरुआत करने वाली टीम रही है। टीम ने आईपीएल में आखिरी बार अपना पहला मैच 2012 में जीता था जिसमें उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराया था। टीम ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता लेकिन पहले मैच में हार का सिलसिला जारी रहा। हार्दिक पंड्या ने कहा, सत्र का पहला मैच जीतने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। हम जब भी मैदान पर उतरे, हमने हमेशा सत्र की शुरुआत जोरदार तरीके से करने का सोचा। पूरी टीम बहुत खुश है कि हम ऐसा कर पाए।

मुंबई ने 221 रनों का लक्ष्य हासिल करके मैच अपने नाम किया। बड़े स्कोर का पीछा करने के बारे में उन्होंने कहा, क्रिकेट



में आजकल के मिजाज और पिच को देखते हुए हमारे गेंदबाजों को इसका श्रेय जाता है कि उन्होंने केकेआर को 240 या 250 रन के स्कोर तक नहीं पहुंचने दिया। ये लक्ष्य मुश्किल हो जाते हैं लेकिन 220 का स्कोर हासिल किया जा सकता है।

रेयान रिकेल्टन और क्विंटन डिकॉक में से किसी एक को चुनने के बारे में उन्होंने कहा, रेयान ने पिछले साल हमारे लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। और क्विनी एक बेहतरीन इंसान हैं। वह समझ गए थे कि हम एक खिलाड़ी का साथ दे रहे हैं और टीम में निरंतरता बनाए रखना चाहते हैं। यह तरीका काम आया। जब भी मैं रोहित को कुछ शॉट्स खेलते देखता हूं तो हर किसी का मुंह खुला रह जाता है। उनकी बल्लेबाजी बेहतरीन नहीं बल्कि जबरदस्त है।

केकेआर ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों से 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन का स्कोर खड़ा किया। रोहित शर्मा (78 रन) और रेयान रिकेल्टन (81 रन) के अर्धशतकों के साथ पहले विकेट के लिए 148 रन की साझेदारी से मुंबई इंडियंस ने केकेआर को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट के पहले मैच में 13 सत्र से चले आ रहे अपने हार के सिलसिले को खत्म किया। मुंबई इंडियंस ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर जीत हासिल की।

# पहले मैच में ही रहाणे ने बढ़ाई केकेआर की टेंशन

**मुंबई।** केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले की दूसरी पारी में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा।

कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केकेआर पहले से ही चोटों से जूझ रही है। आईपीएल 2026 से कई खिलाड़ी केकेआर के बाहर हो गए हैं, जबकि अभी भी कुछ प्लेयर पूरी तरह फिट नहीं हैं। इस बीच कप्तान अजिंक्य रहाणे को देखकर भी केकेआर के फैंस झटका लगा, क्योंकि रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले की दूसरी पारी में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण कप्तान रहाणे को मैदान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा।

रहाणे की गैरमौजूदगी में भारत के ऑलराउंडर रिंकू सिंह ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। रिंकू को आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले उप-कप्तान बनाया गया था। मुंबई इंडियंस के 221 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर के खत्म होने के बाद रहाणे मैदान पर गिर पड़े थे। टीम के फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज



मिलने के बावजूद यह 37 वर्षीय खिलाड़ी खेल जारी नहीं रख सका। कुछ मिनट तक मैदान पर लेटे रहने के बाद केकेआर के कप्तान को उनके साथियों ने उठने में मदद की और कुछ देर तक तो उन्होंने मैदान से बाहर निकलने के लिए अपने दो साथियों के कंधों का सहारा भी लिया। हालांकि, बाद में रहाणे खुद ही चलकर मैदान से बाहर निकले, लेकिन वह लंगड़ा रहे थे। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खुद बताया है कि इस चोट के पीछे क्या कारण था और कैसी ये चोट है। रहाणे ने केकेआर की पारी की शुरूआत करते हुए क्रीज पर एक घंटे से ज्यादा समय बिताया।

# रूहान व विहान धमाकेदार जीत के साथ मुख्य दौर में पहुंचे

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ के तत्वावधान में इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट में म.प्र. के रूहान तलरेजा ने बड़ा उलटफेर करते हुए मुख्य दौर में प्रवेश कर लिया है। वहीं प्रदेश के ही विहान नवाब भी मुख्य दौर में पहुंचने में कामयाब रहे। साथ ही शीर्ष वरीयता प्राप्त के. रघुवंशी, मुथु जयंथ, हर्षिव तेज, विहान, सेजल, सान्वी, तान्या ने भी बालक व बालिका वर्ग के मुख्य दौर में प्रवेश कर लिया है। मुख्य दौर के मुकाबले आज सुबह से प्रारंभ होंगे। औपचारिक शुभारंभ शाम को होगा।

इंदौर टेनिस क्लब में कल इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट में क्वालीफाइंग के अंतिम दौर के मुकाबले खेले गए। अंतिम दौर के मुकाबलों के बाद बालक वर्ग में रूहान तलरेजा, के. रघुवंशी, मुथु जयंथ, हर्षिव तेज, आरीश दलवी, नवी सेठ, आविर घुमारे, विहान नवाब तथा बालिका वर्ग में सेजल जाधव, सान्वी मोहन, अथर्वा पेरम, तान्या भटनागर, युक्ता मेहता, स्वरा पंवार, नीवा देसाई व रेया शेट्टी ने मुख्य दौर में जगह बना ली है।

क्वालीफाइंग दौर के अंतिम मुकाबलों में मध्यप्रदेश के रूहान तलरेजा ने अपना दमदार खेल जारी रखते हुए बड़ा उलटफेर किया। क्वालीफाइंग दौर के अंतिम मुकाबले में रूहान ने दूसरी वरीयता प्राप्त अयान दहिया को आसानी से 6-0, 6-2 से पराजित कर मुख्य दौर में प्रवेश किया। वहीं शीर्ष वरीयता



प्राप्त के. रघुवंशी ने तनुज अजीत को 6-3, 6-1 से, मुथु जयंथ ने आरव गुप्ता को 3-6, 6-3, 10-3 से, हर्षिव तेज ने चौथी वरीयता प्राप्त नीव भंसाली को 6-2, 6-1 से, आरीश दलवी ने कार्तिक अरोरा को 6-1, 6-0 से, नीव सेठ ने आरव प्रवीण को 6-1, 6-2 से, म.प्र. के ही विहान नवाब ने म.प्र. के ही विआन अग्रवाल को 6-3, 6-3 से हराया। बालिका एकल के क्वालिफाइंग के अंतिम दौर के मुकाबलों में तान्या भटनागर ने आनंदिता सरकार को 6-1, 6-0 से, नीवा देसाई ने आर्या कुलकर्णी को 6-4, 6-1 से पराजित किया था। टूर्नामेंट डायरेक्टर परीक्षित शर्मा ने बताया कि स्पर्धा के मुख्य दौर के मुकाबले सुबह से प्रारंभ हो जाएंगे।

# फर्नीचर की दो दुकानों में भीषण आग

## धू-धू कर जला लाखों का सामान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**एबी रोड स्थित रीजनल पार्क के समीप आज अलसुबह दो फर्नीचर दुकानों में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दोनों दुकानें आग के गोले में तब्दील हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में लाखों रुपये का फर्नीचर और दुकानों का शेड जलकर राख हो गया है।**

फायर ब्रिगेड को सुबह करीब सवा 4 बजे रीजनल पार्क के समीप फर्नीचर दुकान में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों की टीम को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। टीम ज़ब पहुँची तो आग की लपटें काफी ऊंचाई तक उठ रही थीं और काला धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था। बताया जा रहा है कि ये दुकानें संजय पिता मोतीलाल और उनके भाई विजय की थीं। दोनों भाई पास-पास शेड बनाकर फर्नीचर का व्यवसाय करते थे।




दुकान के अंदर लकड़ी, सनमाइका, फेविकोल और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के लिए करीब 27 हजार लीटर पानी का उपयोग किया। दो घंटे की मशक्कत के बाद सुबह करीब 6 बजे तक स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका।

# चौकीदार ने फांसी लगाकर दी जान, सुबह टापरी में फंदे पर लटका मिला शव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक क्षेत्र की ही एक कॉलोनी में चौकीदारी का काम करता था और वहीं पास में टापरी बनाकर रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मृतक की पहचान रामजीवन पिता तुलसीराम (23) निवासी अंबामोलिया के रूप में हुई है। वह कनाड़िया इलाके की एक कॉलोनी में चौकीदार के रूप में तैनात था। वह रात को अपनी टापरी में सोने गया था। सुबह जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आया, तो उसके भाई ने जाकर देखा। टापरी के अंदर रामजीवन का शव फंदे पर लटका हुआ मिला, जिसे देखकर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही कनाड़िया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है कि क्या रामजीवन किसी मानसिक तनाव या पारिवारिक विवाद से जूझ रहा था।

## युवती फांसी पर झूली

**इन्दौर।** श्रद्धाश्री कॉलोनी में रहने वाली एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान प्रीति मीणा पिता सुरेश (23) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छात्र से मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाशों को घेराबंदी कर दबोचा

**इन्दौर।** जूनी इन्दौर क्षेत्र में बीती रात पुलिस और राहगीरों की मुस्तैदी से दो शातिर लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। अग्रसेन चौराहा स्थित एसीपी ऑफिस के समीप कोचिंग से लौट रहे एक छात्र का मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाशों को पीछा कर पकड़ लिया गया। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में कड़ी पूछताछ कर रही है। फरियादी कुशल श्रीवास्तव मूल निवासी रायबरेली, यूपी है वह वर्तमान में बिचौली मर्दाना क्षेत्र में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, कल रात करीब 11 बजे कोचिंग के बाद मोबाइल पर मैच की कमेंट्री सुनते हुए जा रहे थे। इसी दौरान एक पान दुकान के पास पैदल आए बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपटा और पास ही खड़े अपने साथी के स्कूटर पर बैठकर नवलखा की ओर भागने लगा। छात्र के शोर मचाने पर वहां तैनात पुलिसकर्मियों, राहगीरों और उनके साथी अरमान मलिक ने तत्काल पीछा शुरू किया। घेराबंदी कर दोनों बदमाशों युवराज परिहार बागली, निवासी देवास और आयुष ठाकुर निवासी आष्टा हाल मुकाम भंवरकुआ को धरदबोचा गया। आरोपियों के पास से लूटा गया फोन बरामद कर लिया गया है और उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

# शराब के लिए ना कहना पड़ा भारी, दोस्त ने ही पेट में घोंपा चाकू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक शख्स ने अपने ही दोस्त पर सिर्फ इसलिए चाकू से हमला कर दिया क्योंकि उसने शराब पिलाने से मना कर दिया था। फरियादी वीरेंद्र सिंह तोमर निवासी आजाद नगर ने पुलिस को बताया कि वह काली पुलिया के पास अपने काम पर जाने के लिए खड़ा था तभी उसका दोस्त रवि यादव वहाँ पहुंचा और पुरानी बात का हवाला देते हुए शराब पिलाने की जिद करने लगा। वीरेंद्र ने जब काम पर जाने की बात कहकर मना किया तो रवि भड़क गया और गाली-गलौच शुरू कर विवाद मारपीट तक पहुँच गया और देखते ही देखते रवि ने चाकू निकालकर वीरेंद्र के पेट में घोंप दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक लोग जमा होते, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी रवि यादव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



























स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।